कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु खरीद प्रक्रिया स्थगित समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीकरण एवं खरीद प्रक्रिया को तत्काल किया स्थगित

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
P.3-23-3-2020.docx (http://103.203.138.54/news/195369/document/P.3-23-3-2020.docx)

DESCRIPTION

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु खरीद प्रक्रिया स्थगित
समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीकरण एवं खरीद प्रक्रिया को तत्काल किया स्थगित

जयपुर, 23 मार्च। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री रमेश चन्द मीना ने बताया कि राज्य में रबी विपणन वर्ष 2020-21 के दौरान गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिये यह कदम उठाया गया है।

खाद्य मंत्री ने बताया कि समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिये कोटा संभाग में 15 मार्च से उपार्जन कार्य प्रारम्भ किया गया था तथा शेष जिलों में 1 अप्रैल से उपार्जन का कार्य प्रारम्भ किया जाना था। उन्होंने बताया कि कोराना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये किये जा रहे राज्यव्यापी उपायों के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में खरीद प्रक्रिया को स्थगित किये जाने के संबंध में प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण के संबंध में उच्च स्तर से जैसे ही निर्देश जारी किये जायेंगे, तो गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया को चालू किये जाने के निर्णय से संबंधित किसानों को अवगत करा दिया जायेगा।

SUPPORTING IMAGES